Need to give priority to local people for employment in companies set up in Barmer Parliamentary Constituency-laid

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(**बाड़मेर**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर -जैसलमेर में कार्यरत सोलर, विंड,खनिज ,गैस ,तेल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों व रिफायनरी आदि क्षेत्र में स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता नही देने के कारण उत्पन्न समस्या के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी और श्रम एवम रोजगार मंत्री जी का ध्यान दिलाते हुए अवगत करवाना चाहता हुं कि मेरा संसदीय क्षेत्र पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है,यहां तेल,गैस, खनन व सोलर तथा विंड एनर्जी व रिफायनरी के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता नही देती तथा जिसके कारण वहां के लोगो को मजबूरन रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है । यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन किसानों की जमीनों पर यह कंपनिया आबाद हुई उन किसानों के बेटो और बेटियों को रोजगार नही दिया जा रहा है । पर्यावरण अनापत्ति जब कोई कंपनी लेती है, तो उसमे भी जमीन अवापति से प्रभावित लोगो को रोजगार सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने की बात होती है, लेकिन कोई भी कंपनी चाहे वो तकनीकी क्षेत्र हो या गैर तकनीकी क्षेत्र हो, स्थानीय लोगो को रोजगार नही देती है ।

मेरी सरकार से मांग है कि ऐसी कंपनियों में स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता देने के लिए नीति बनाई जाए ।